6. चिट्ठी का सफ़र

शब्दार्थ पढ़िए और याद कीजिए— **कॉपी में लिखिए।**

शब्द	अर्थ
निर्भर	= टिका हुआ, आश्रित
भौगोलिक	= भूगोल (स्थान) से संबंधित
ज़ाहिर	= प्रकट, स्पष्ट (साफ़)
सीमित	= कम
प्रवासी	= दूसरे देश में रहने वाले
संकट	= मुसीबत
संस्थान	= निवास-स्थान, कार्य-स्थल आदि
प्रशिक्षित	= विशेष प्रकार से सिखाकर (ट्रेंड)

शब्द	अर्थ
संस्थान	= निवास-स्थान, कार्य-स्थल
परिवहन	= यातायात (ट्रांसपोर्ट)
दुर्गम	= जहाँ कठिनाई से जाया जाए
उपलब्ध	= प्राप्त
महत्वपूर्ण	= महत्व वाला
संचार	= खबर पहुँचाने की प्रणाली (कम्यूनिकेशन)

2. सही उत्तर लिखकर खाली स्थान भरिए—

(i) आम आदमी तक चिट्ठी-पत्री पहुँचाने का काम .... करते थे।

(ii) आश्चर्य होता है कबूतर जैसा पक्षी .... हो सकता है।

(iii) दुर्गम एवं पहाड़ी इलाकों में आज भी .... डाक पहुँचाते हैं।

(iv) डाक विभाग भी मनीआर्डर के साथ-साथ .... लोगों तक पहुँचा रहा है।

(v) प्रमुख जगहों/शहरों के पिनकोड नंबर .... में मिलते हैं।

3. अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए—

उड़ीसा पुलिस खास तौर पर हूमर कबूतरों का इस्तेमाल राज्य के कई दुर्गम इलाकों में संदेश पहुँचाने के लिए कर रही है। कानून-व्यवस्था, संकट और अन्य मौकों पर संदेश के लिए ये कबूतर बहुत ही उपयोगी साबित हुए। कबूतरों की संदेश सेवा बहुत सस्ती है और उन पर खास खर्च नहीं आता है। इन कबूतरों का जीवन 15-20 साल का होता है और 8-10 साल तक वे बहुत अच्छा काम करते हैं। स्वस्थ कबूतर एक दिन में एक हज़ार किलोमीटर तक का सफ़र कर सकता है। यदि कोई महत्वपूर्ण संदेश पहुँचाना हो तो दो कबूतरों को भेजा जाता है ताकि बाज़ के हमले जैसी अनहोनी स्थिति में भी दूसरा कबूतर संदेश पहुँचा दे।

(i) उड़ीसा पुलिस किन कबूतरों का इस्तेमाल किसलिए कर रही है?

....

....

....

(ii) ये कबूतर किन मौकों पर उपयोगी साबित हुए हैं?

....

....

(iii) हूमर कबूतरों की उम्र कितनी होती है तथा कितनी उम्र तक वे बहुत अच्छा काम करते हैं?

....

....

(iv) स्वस्थ कबूतर एक दिन में कितना सफ़र तय कर सकता है?

....

....

(v) महत्वपूर्ण संदेश भेजने के लिए कितने कबूतर भेजे जाते हैं और क्यों?

....

....

शब्द-ज्ञान

1. दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए—

पत्र — ....

राजा — ....

पानी — ....

पक्षी — ....

2. शब्दों को शुद्ध करके लिखिए—

शरूआत — ....

गँतव्य — ....

दुगर्म — ....

स्थिति — ....

स्वसथ — ....

सीमीत — ....

3. विलोम शब्द लिखिए—

स्वस्थ × ....

खास × ....

दुर्गम × ....

होनी × ....

सस्ता × ....

जीवन × ....

भाषा-ज्ञान

1. भूगोल से संबंधित भौगोलिक। यह विशेषण शब्द है। इसी प्रकार नीचे दिए गए शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए—

समाज से संबंधित — ....

परिवार से संबंधित — ....

मास (महीना) से संबंधित — ....

धर्म से संबंधित — ....

वर्ष से संबंधित — ....

सप्ताह से संबंधित— ....

रचनात्मक अभिव्यक्ति

नीचे दिए गए विभिन्न प्रकार के पत्र व्यवहार के माध्यमों को जानिए और उनके नाम लिखिए—

1

2


भारतीय डाक विभाग
मनीआर्डर
मनीआर्डर पावती

3

4